अभ्युदय

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा

परिपत्र

वर्ष - 13 अंक - 08/09 नवम्बर-दिसम्बर 2013

गुरु वाणी

★ आचार्य तुलसी जन्मशताब्दी वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर प्रस्तुत विनयांजलि

- ईसा की बीसवीं सदी में भारत में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया, उनमें एक हैं आचार्य तुलसी। उन्होंने जीवन के बारहवें वर्ष में परमपूज्य कालूगणी के पास मुनित्व स्वीकार किया। उन्होंने अपनी प्रतिभा और साधना के आधार पर परमपूज्य कालूगणी के हृदय में अपना स्थान बनाया और पूज्य कालूगणी ने उन्हें अपने हृदय में बसाया, ऐसा हमारा अनुमान है। वे छोटी अवस्था में एक उभरते मुनि के रूप में प्रतिष्ठित हुए। वे छोटी अवस्था में ही शिक्षक बन गए और लंबे काल तक शिक्षक बने रहे।
- बाईस वर्ष की अवस्था में वे जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के अनुशास्ता बन गए। तेरापंथ के नवम आचार्य के रूप में उन्होंने अपना शासनकाल प्रारंभ किया। बाईस वर्ष जैसी छोटी अवस्था में अपने सैंकड़ों साधु-साध्वियों के विशाल समुदाय का एकछत्र आचार्य बनना तेरापंथ के लिए तो कीर्तिमान है ही, अन्य जैन सम्प्रदायों की दृष्टि से भी यह एक विशिष्ट घटना प्रतीत हो रही है। उन्होंने प्रलम्ब आचार्यकाल प्राप्त किया, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने अपने जीवनकाल में एक साथ इकतीस मुनि दीक्षाएं दीं, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने अपने आचार्यकाल में अपनी संसारपक्षीया मां को अपने मुखकमल से दीक्षित किया, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने एक साथ चौदह पुरुषों को मुनिदीक्षा प्रदान की, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उनके आचार्यकाल में दो आचार्यों की माताओं-परमपूज्य कालूगणी की संसारपक्षीया मां महासती छोगांजी और परमपूज्य गुरुदेव तुलसी की संसारपक्षीया मां महासती वदनाजी का संगम हुआ, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने सुदूर पूर्वांचल और दक्षिणांचल आदि क्षेत्रों की पदयात्रा की, यह भी तेरापंथ के आचार्यों के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने अपने आचार्यकाल में धर्मसंघ में क्रमशः तीन साध्वीप्रमुखाओं की नियुक्ति की, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने अपने दीक्षा-प्रदाता गुरु द्वारा दीक्षित शिष्य को अपना उत्तराधिकारी बनाया, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने अपने आचार्यकाल में जितनी मुनि दीक्षाएं दीं, वह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
  - उन्होंने अपने जीवनकाल में आचार्य पद का परित्याग कर अपने युवाचार्य को आचार्य बना दिया, यह भी तेरापंथ के इतिहास में कीर्तिमान है।
- इन तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि आचार्य तुलसी एक कीर्तिमान पुरुष थे। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन का संप्रवर्तन किया। उनके आचार्यकाल में प्रेक्षाध्यान पद्धति का आविर्भाव हुआ। शिक्षा जगत के लिए उनके शासनकाल में जीवनविज्ञान का प्रकल्प प्रस्तुत हुआ। ये तीनों अवदान लोक-कल्याणकारी उपक्रम हैं। गुरुदेव के कार्यक्रमों को व्यापकता प्रदान करने वाले उन्मेष हैं।
- परमपूज्यश्री का एक महत्वपूर्ण अवदान है जैन आगमों का सम्पादन। उनके आचार्यकाल में उन्हीं के वाचनाप्रमुखत्व में जैन आगमों के सम्पादन का कार्य प्रारंभ हुआ। कार्य की निष्पत्ति कुछ अंशों में उन्होंने स्वयं देख भी ली थी। अनेक आगम सुसम्पादित होकर उनकी विद्यमानता में प्रकाशित हो गए। आगम अनुसंधान का कार्य तेरापथ धर्मसंघ द्वारा वर्तमान में भी किया जा रहा है। अवशेष कार्य को निःशेष करने की दिशा में प्रयास चालू है।
- दीक्षा से पूर्व शिक्षा की आवश्यकता को गुरुदेव ने अनुभव किया। उसकी फलश्रुति है पारमार्थिक शिक्षण संस्था। उन्होंने समणश्रेणी का सूत्रपात किया। यह भी उनका साहसिक कदम था। इस श्रेणी ने प्रतिष्ठा प्राप्त करने के साथ अपनी उपयोगिता भी प्रमाणित की है।

- गुरुदेव के आचार्यकाल में जैन विश्वभारती संस्था प्रादुर्भूत हुई। आज यह संस्था मेरी दृष्टि में जैन समाज में स्वनामधन्य संस्था है। इसी संस्था के सुपुत्र के रूप में जैन विश्वभारती इंस्टीट्यूट (मान्य विश्वविद्यालय) का जन्म हुआ, जिसे परमपूज्य गुरुदेव का वरदहस्त प्राप्त हुआ। वे इसके संवैधानिक रूप में अनुशास्ता बने। मेरी दृष्टि में प्रस्तुत मान्य विश्वविद्यालय जैन समाज के लिए बड़ी उपलब्धि है।
- गुरुदेव के आचार्यकाल में नारी-जागरणा का अपूर्व कार्य हुआ। वह कार्य आज भी निष्पत्ति के रूप में समाज के सामने है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल उसका साक्ष्य है। युवावर्ग के उत्थान के लिए गुरुदेव के आचार्यकाल में चिरस्मरणीय आयाम उद्घाटित हुआ। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के रूप में उसका दर्शन किया जा सकता है।
  अणुव्रत आन्दोलन को गतिशील बनाए रखने के लिए अणुव्रत महासमिति, अणुव्रत विश्वभारती और अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास की स्थापना हुई। गुरुदेव की विद्यमानता में तेरापंथ विकास परिषद, जय तुलसी फाउण्डेशन, प्रेक्षा विश्वभारती, अमृतवाणी जैसे उपक्रम विकसित हुए। तेरापंथी सभाओं की एक लम्बी शृंखला प्रस्तुत हो गई।
- एक महान् व्यक्तित्व की जन्मशताब्दी का 100वां वर्ष वि.सं. 2070, कार्तिक शुक्ला द्वितीया को प्रारंभ होने जा रहा है। परमपूज्य गुरुदेव आचार्य महाप्रज्ञजी की सन्निधि में शताब्दी समारोह की योजना बननी शुरू हो गई थी। वह योजना अब निर्णीत हो चुकी है। उसकी क्रियान्विति भी संपन्नता की प्रक्रिया में है। शताब्दी वर्ष को व्यक्तित्व-निर्माण वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। व्यक्तित्व-निर्माण की दो मुख्य योजनाएं हैं-
  1. महाव्रत - 100 महाव्रती दीक्षाएं देना।
  2. अणुव्रत - अणुव्रती बनाना और अणुव्रत का प्रचार-प्रसार करना।
- परमश्रद्धेय, परोपकारपरायण, परमदयालु, महान् अनुशास्ता, परमपूज्य गुरुदेव तुलसी का जन्मशताब्दी वर्ष हम सबके लिए नि:श्रेयस् का निमित्त बने। शुभाशंसा।

- आचार्य महाश्रमण

आचार्य तुलसी जन्मशताब्दी वर्ष का प्रथम चरण. . .

आचार्यश्री महाश्रमण की सरगम पर तरंगित हो उठा

सुगुरु को वंदन शत-शत बार।

तुलसी जन्म शताब्दी पावन पर्व परम सुखकार।।
भैक्षव शासन को प्रभुवर ने दी अभिनव ऊंचाई।
दिया नया आकाश प्रगति का चिन्तन की गहराई।
लम्बी-लम्बी यात्राओं का खोला गण में द्वार।।१।।
जैन आगमों का सम्पादन, नव इतिहास बनाया।
पावन पवन प्रेरणा का पा, श्रुतसागर लहराया।
एकनिष्ठ हो भरा आर्य ने जिन-वाणी भण्डार।।२।।
मुनि दीक्षा का शतक बने, यह ऊंचा लक्ष्य हमारा।
संघ-संपदा वर्धमान हो, पाकर नया उजारा।
संस्कारों के महासृजन का सपना हो साकार।।३।।
अमल अणुव्रत आन्दोलन अवदान बने वरदायी।
जनजीवन में बिम्बित हो मानवता की परछाई।
नैतिकता की सुरसरिता से सरसाए संसार।।४।।
युगप्रधान युगद्रष्टा प्रभु को श्रद्धासुमन चढ़ाएं।
शुभ भविष्य को सम्मुख रखकर आगे कदम बढ़ाएं।
'महाश्रमण' जीवन निर्माता तुलसी का उपकार।।५।।

लय :- यही है जीने का विज्ञान....।

गुरु वाणी

आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष का उत्तंग घोष

'जन जन में जागे विश्वास – संयम से व्यक्तित्व विकास'

- हमारा मानना है कि व्यक्तित्व-निर्माण का एक महत्वपूर्ण घटक तत्त्व है संयम। इसलिए इसके अनुरूप ही हमने शताब्दी वर्ष का घोष भी चयनित किया है 'जन जन में जागे विश्वास : संयम से व्यक्तित्व विकास'। हमारा यह विश्वास है कि संयम के द्वारा अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है।

– आचार्य महाश्रमण

'व्यक्तित्व निर्माण वर्ष' के रूप में प्रतिष्ठापित – आचार्य तुलसी का जन्म शताब्दी वर्ष

इस वर्ष को परमपूज्य गुरुदेव महाप्रज्ञजी के द्वारा 'व्यक्तित्व निर्माण वर्ष' के रूप में निर्धारित किया गया। व्यक्तित्वों का निमार्ण बहुत आवश्यक है। आचार्य तुलसी ने कितने-कितने व्यक्तित्वों का निर्माण किया था। वे निर्माता पुरुष थे, इसलिए उनके जन्म शताब्दी वर्ष को व्यक्तित्व निर्माण वर्ष के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। हमने चिंतन किया था कि गुरुदेव के शताब्दी वर्ष में महाव्रती व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इसके लिए सौ मुनि दीक्षाओं का लक्ष्य निर्धारित किया। उस दिशा में प्रयास भी चल रहा है। इसके साथ हमने दूसरा मुख्य कार्यक्रम हाथ में लिया है, अणुव्रत के प्रचार-प्रसार का, लोगों को अणुव्रती बनाने का।

– आचार्य महाश्रमण

अनमोल प्रेरणा – आचार्य महाश्रमण

- **मीठा बोलना यथार्थ बोलना** – व्यक्ति अपनी भाषा से अच्छे से अच्छों का मन जीत सकता है एवं कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर सकते हैं। ज्यादा बोलने से बना हुआ काम बिगाड़ सकते हैं। आचार्यश्री ने शिविरार्थियों को मीठा बोलना एवं सथार्थ बोलने का संकल्प कराया।

- **संस्कारों की संपदा बहुत बड़ी होती है** – संस्कारों की संपदा बहुत बड़ी होती है। इसके सामने धन, पद और सत्ता की संपदा बहुत छोटी होती है। बच्चों में संस्कार ज्यादा से ज्यादा हो यह आज की आवश्यकता है। अहिंसा, मैत्री, नैतिकता आदि ऐसे अनेक माध्यम हैं जिसके प्रयोग से संस्कारों का निर्माण होता है। आध्यात्मिकता, ज्ञानार्जन करने का महत्वपूर्ण उपक्रम है। बच्चों में संस्कार निर्माण शिविर का निरंतर प्रयास करते रहना चाहिये। गुरु हमेशा ज्ञानदाता, संस्कारदाता, संयमदाता एवं अनुशासनदाता होते हैं।

- **संस्कारी होने का प्रथम परिचय वाणी का सदुपयोग** – बोलने के साथ न बोलने की कला भी व्यक्तित्व विकास में सहायक बन सकती है। संस्कार निर्माण शिविर के माध्यम से बालक खुद के, परिवार के, धर्मसंघ के एवं राष्ट्र के सुदृढ़ विकास में सहायक बन सकते हैं। विषम परिस्थितियों एवं प्रलोभन से दूर रहकर अपने संस्कारों को न भूलना ही संस्कारी होने की पहचान है। कठिन काम भी आसानी से कर सकते हैं। ज्यादा बोलने से बना हुआ काम बिगाड़ सकते हैं। आचार्यश्री ने शिविरार्थियों को मीठा बोलना एवं सथार्थ बोलने का संकल्प कराया।

अध्यक्षीय

नव वर्ष हम सभी के लिये मंगलकारी, अध्यात्ममयी, विकासोन्मुख व उज्ज्वलता से ओत:प्रोत: हो यह शुभ भावना है।

- आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के लाडनूं में प्रथम चरण के साप्ताहिक कार्यक्रम, बीदासर में दीक्षा महोत्सव का महाचरण, सरदारशहर में आचार्य श्री महाश्रमणजी के अमृत महोत्सव का छठा चरण, आचार्य श्री महाप्रज्ञजी की निर्वाण स्थली में निर्मित अध्यात्म का शान्तिपीठ लोकार्पण समारोह अमृत पुरुष आचार्य श्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में बहुत ही गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुये। आगामी 30 जनवरी से 5 फरवरी तक आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष का द्वितीय चरण, मर्यादा महोत्सव का त्रिदिवसीय कार्यक्रम, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा की 100वीं वार्षिक साधारण सभा (5 फरवरी) आचार्य तुलसी की निर्वाण स्थली शक्तिपीठ, गंगाशहर में समायोज्य है। ज्यादा से ज्यादा भाई-बहिन इन कार्यक्रमों में प्रत्यक्षत: साक्षी बनकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे यह विश्वास है।

- आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष में निर्मित कैलेण्डर प्रत्येक तेरापंथी परिवार में पहुंचे यह निर्धारण किया गया उसी अनुसार प्रत्येक सभा में प्राप्त सूचि के आधार पर कैलेण्डर संप्रेषित किये गये। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी सभाओं के पदाधिकारियों ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कैलेण्डर प्रत्येक परिवार तक पहुंचा दिये होंगे, अगर किसी कारण से अभी तक परिवारों को कैलेण्डर नहीं पहुंचाये गये हैं तो सभी सभाओं के प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि मर्यादा महोत्सव से पहले-पहले यह कैलेण्डर प्रत्येक परिवार में पहुंचाने का श्रम करावें व उसकी रिपोर्ट मर्यादा महोत्सव तक कार्यालय में अवश्य ही प्रेषित करावें। अगर किसी सभा को कैलेण्डर प्राप्त नहीं हुए हैं तो सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से प्राप्त कर ले जिसकी सूचि इसी 'अभ्युदय' में अंकित है।

- उत्तरांचल, पूर्वांचल, पश्चिमांचल व दक्षिणांचल अणुव्रत संकल्प यात्रायें आचार्य श्री महाश्रमणजी की कृपा दृष्टि से समणीवृन्द के आध्यात्मिक निर्देशन में आंचलिक संयोजकों की सहभागिता से व स्थानीय कार्यकर्ताओं की सतत् कार्य निष्ठा से अनवरत गतिमान है। तेरापंथ धर्मसंघ का प्रत्येक भाई-बहिन ही नहीं वरन जन-जन इस अणुव्रत संकल्प यात्रा में सहभागी बने व इसके उद्देश्य की संपूर्ति में योगभूत बने तो हमें आचार्य तुलसी के प्रति भावाञ्जलि अर्पित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके क्षेत्र में अणुव्रत संकल्प यात्रा प्रभावी होगी।

- जिन-जिन श्रावक व श्राविकाओं को परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमणजी के श्रीमुख से सम्बोधन अलंकरण प्राप्त हुये हैं उनके सम्मान में आगामी 2 फरवरी 2014 को दोपहर 3.00 बजे गंगाशहर में मिलन संगोष्ठी महासभा की तरफ से समायोज्य है, इस अवसर पर सम्बोधन अलंकरण प्राप्त श्रावक-श्राविकायें उपस्थित होकर हमें आतिथ्य का सुअवसर प्रदान करेंगे यह विश्वास है।

- आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के स्वागत समिति के सम्माननीय सदस्य प्रत्येक चरण के आधार स्तम्भ है। उनका सम्मान करना समिति का नैतिक दायित्व है। आगामी 3 फरवरी 2014 को सायं 7.00 बजे आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के स्वागत समिति के सदस्यों का सम्मान कर समिति गौरवान्वित होगी, मुझे पूरा विश्वास है कि सभी स्वागत समिति सदस्य गंगाशहर में उपस्थित होकर यह सौभाग्य हमें प्रदान करेंगे।

- सन् 2013, तेरापंथ धर्मसंघ के विकास का अमिट हस्ताक्षर बना है। महासभा शताब्दी वर्ष, आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ, बीदासर का ऐतिहासिक दीक्षा महोत्सव जैसे गरिमामय कार्यक्रमों ने धर्मसंघ को उज्ज्वलता प्रदान की है। तेरापंथ धर्मसंघ में आचार्य महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में साधु-साध्वियों की संख्या में जो उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है वह आलोच्य वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नव वर्ष में हम संकल्प ग्रहण करें कि तेरापंथ धर्मसंघ के विकास में आचार्य श्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में हम हर पल सहभागी बनकर संघ व संघपति के प्रति श्रद्धा आस्था व समर्पण की त्रिवेणी में आत्मसात् रहेंगे।

इसी आशा एवं विश्वास के साथ. . .

- हीरालाल मालू

सम्पादकीय

तुम अटल संकल्प निश्चय और साहस, हर असंभव को बना संभव दिखाते
तुम परम पुरुषार्थ की साकार प्रतिमा, गीत सृजन के सरस सबको सिखाते
कर विजय यात्रा विलक्षण लहर लाये, यश विपुल कीर्तिमानों का ढ़हेगा

- गुरु तुलसी के अलख अगोचर माहात्म्य की अन्त: स्वीकृति के साथ उन्हीं की अनमोल कृति श्रद्धेया महाश्रमणीजी की उपरोक्त पंक्तियों में छिपा सत्य आचार्य श्री महाश्रमणजी के रूप में नवीन आकार के साथ विस्तार ले रहा है।

- एक ओर जहां तुलसी-तुलसी-तुलसी की आरोग्यता में, उनकी सर्वव्यापकता में आज समूचा विश्व 'आरोग्ग बोधि' का लाभ लेकर व्यक्तित्व विकास की ऊंचाईयों का स्पर्श करने को आतुर दिखायी दे रहा है, वहीं जीवन की उर्ध्वगामी यात्रा को समर्पित आचार्य श्री महाश्रमणजी का एक-एक कदम केलवा की अंधेरी ओरी के अभियान पर गणाधिपति तुलसी की महिमा को और अधिक गरिमा के साथ अभिमण्डित कर रहा है।

- कहाँ मिलते हैं ऐसे शिष्य जो अपने आराध्य में, अपने स्तुत्य में एक रूप होकर अवस्थित होते हैं? और अपनी निर्मल भाव धारा से कल्याण वर्षा करते हुये साधना की सिद्धि से साक्षात्कार करते हैं। ऐसे स्तोता के संकल्प की संपूर्ति में पूरी कायनात सक्रिय हो उठती है। जिसका प्रत्यक्ष नजारा हम सब अपने धर्म संघ में देख रहे हैं।

- धन्य है वह संघ, धन्य है वह सद्यस्क आस्था जो स्तोता को हर नजर में स्तुत्य बना दे। गुरु और शिष्य दोनों का माहात्म्य बढ़ा दे।

- सौभागी हैं हम कि हम सबको आचार्य महाश्रमण के रूप में 'जीवन्त तीर्थ' के दर्शन कर अपने जीवन को सार्थक बनाने का शुभ संयोग मिला है। हमने आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के प्रथम चरण का भव्य समारोह देखा और देखा इसके 'महाचरण' का विहंगम दृश्य। मोक्ष मार्ग पर बढ़ती शुभेच्छा पर अनगिन नयनों से बरसते श्रद्धा नीर अनिर्वचनीय पुलकन से भर रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो इस कलियुग में भी तीर्थंकर के समवसरण में देशना सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो गया हो।

- दूसरी ओर सामाजिक स्वस्थता को प्रशस्त करती 'अणुव्रत रथ यात्राओं' की पूरे देश में धूम है। अणुव्रत का मंत्र हर तंत्र को चमत्कृत कर रहा है। मानो एक नई क्रान्ति का अध्याय लिखा जा रहा हो। महासभा के साथ-साथ तेरापंथी संस्थाओं का एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का अहर्निश श्रम नि:स्वार्थ भाव से परिवर्तन व उन्नयन की एक नई इबारत गढ़ रहा है।

- प्राप्त रिपोर्टों को पढ़कर अकसर गर्वानुभूति से भर उठती हूँ और चाहती हूँ कि वर्ष 2014 में भी सत्य संस्कृति एवं संस्कार के संधान पर अमृत पुरुष आचार्य श्री महाश्रमणजी का अगम्य आह्वान शत गुना फलवान होकर संघ ही नहीं अपितु पूरी मानवता को मानव होने के अभिनव ललाम से भर दे। तब... हर हृदयांगन में तुलसी पुष्पित होकर सचमुच खिल उठेगा। फिर... उसकी अभ्यर्थना में पौरुष दीप जलाने के शुभ संकल्पों में हम देर क्यों लगाये? अंतर का विश्वास महाश्रमणीजी के शब्दों में गुनगुना रहा है...

क्रान्ति का अध्याय जो तुमने लिखा है, वह समय के भाल पर अंकित रहेगा
शान्ति का दरिया तुम्हारे चित्त में जो, वह जमाने की धरा पर अब बहेगा

शुभ भावों के साथ
वीणा बैद

आचार्य तुलसी ने तेरापंथ को मेरापंथ बना दिया।
- विवेक व्यास, तहसीलदार पचपदरा

★ **आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष का श्रद्धामय वातावरण में भव्य शुभारम्भ :**
शुभ भविष्य को सम्मुख रखकर, आगे कदम बढ़ायें,
'महाश्रमण' जीवन निर्माता - तुलसी का उपकार है. . .

- आज परमपूज्य, परम श्रद्धेय, परम कृपालु, परम उपकारी परम उपकारपरायण आचार्य तुलसी की जन्म शताब्दी वर्ष का प्रारंभ हुआ है। कार्तिक शुक्ला द्वितीया 'अणुव्रत दिवस' के रूप में भी प्रतिष्ठित है किन्तु इस बार इस तिथि से लेकर अगली कार्तिक शुक्ला द्वितीया तक पूरा वर्ष हमने जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाना सुनिश्चित किया है, निर्धारित किया है। आज उसका शुभारंभ हुआ है। यह भी एक सुयोग ही कहें कि जहां उनका जन्म हुआ, वहीं उनकी शताब्दी का शुभारंभ हो रहा है।
- लाडनूं इस बात के लिए गौरवान्वित है कि उसकी भूमि पर आचार्य तुलसी जैसे महापुरुष ने जन्म लिया। वे लाडनूं के खटेड़ वंश में पैदा हुए थे। मैं श्री झूमरमल खटेड़ और मातुश्री वदनाजी की स्मृति करता हूं, जिन्होंने उस रत्न को जन्म दिया। स्थूल भाषा में कहा जा सकता है कि तेरापंथ शासन लाडनूं नगर और यहां के खटेड़ वंश का आभारी है, जिसने ऐसा महान व्यक्तित्व तेरापंथ को दिया। वे क्षेत्र और वे मां-बाप कृतार्थ होते हैं, जहां और जिनके द्वारा किसी महापुरुष का जन्म होता है।
- आज कार्तिक शुक्ला द्वितीया के दिन जैविभा के इस परिसर में जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ हो रहा है। पूरे वर्ष में आत्मकल्याण और परकल्याण के लिए ऐसे उपक्रम चलते रहने चाहिए। हमारा सारा कार्य एक लक्ष्य के साथ हो और कल्याणपरक हो। हमारे साधु-साध्वियां समण समणियां और श्रावक-श्राविका समाज खूब अच्छे ढंग से इस वर्ष को मनाने का प्रयास करे, यह हमारी कामना है।

- संघ अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण

संवाद

- जैन परम्परा के जाज्वल्यमान नक्षत्र, तेरापंथ धर्मसंघ के नवमाधिशास्ता, विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों व सम्मानों से विभूषित, जन-जन की आस्था के आस्थान युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी का 100वां जन्मदिवस। आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के शुभारम्भ का महनीय प्रसंग। जनाकीर्ण सुधर्मा सभा में प्रातः लगभग 6.46 बजे साधु-साध्वियों, समणियों व श्रद्धालुओं की समवेत उपस्थिति। शताब्दी समारोह के मार्गदर्शक व तुलसी की प्रतिकृति परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमण ने अपनी धीर-गंभीर वाणी में 'दणाण सेट्ठं अभयप्पयाणं...' से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- पूज्यप्रवर ने खड़े होकर अपने गुरु को विनयांजलि समर्पित की। विनयांजलि समर्पण के पश्चात् आचार्यप्रवर ने शताब्दी वर्ष के संदर्भ में विशेष रूप से रचित गीत 'सुगुरु को वदंन शत-शत बार' का संगान किया। शताब्दी के निर्णीत घोष 'जन-जन में जागे विश्वास : संयम से व्यक्तित्व विकास' का गुरु के श्रीमुख से ओजपूर्ण उद्घोष हुआ।
- मध्यान्ह में लगभग 12.15 बजे जैविभा परिसर में स्थित विमल विद्या विहार के विशाल प्रांगण में निर्मित पण्डाल में आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के प्रथम चरण के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शताब्दी घोष व इस उपलक्ष्य में आचार्यवर द्वारा विशेष रूप से रचित गीत के संगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। घोष का समुच्चारण व गीत का संगान मुनि महावीरकुमारजी ने किया। **आचार्य तुलसी जन्मशताब्दी समारोह के संयोजक श्री हीरालाल मालू ने समागत अतिथियों व समुपस्थित जनता का स्वागत किया।**
- जैविभा के अध्यक्ष श्री ताराचन्द रामपुरिया एवं प्रवास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र घोषल ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। खटेड़ परिवार ने अपने कुलभूषण की अभयर्थना में समूहगीत प्रस्तुत किया। मुनिवृन्द, साध्वीवृन्द व समणीवृन्द ने पृथक्-पृथक भावपूर्ण गीतों का संगान किया। शासनगौरव साध्वी राजीमतीजी ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य के साथ साध्वियों द्वारा शताब्दी वर्ष के लिए स्वीकृत संकल्पों की विस्तृत सूचि पूज्यचरणों में प्रस्तुत की।

माननीय पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन ने अपनी पुस्तक **'Living With A Purpose'** में जिन 14 विश्व विख्यात व्यक्तित्वों के बारे में लिखा उनमें एक हैं 'आचार्य श्री तुलसी'। यह अतिशय गौरव की बात है। उन्हीं का 100वां जन्मदिन हम सबके लिये मंगलमय हों।

- सेदेहुरै सामी, महापौर चैन्नई

- महाश्रमणी साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी, मुख्य नियोजिका साध्वीश्री विश्रुतविभाजी, मंत्री मुनिश्री सुमेरमलजी स्वामी ने आचार्य तुलसी के गौरवमयी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बीसीसीआई के संयुक्त सचिव श्री अनुराग ठाकुर, संसदीय कार्य एवं आयोजना राज्य मंत्री श्री राजीव शुक्ला, केन्द्रीय कारपोरेट अफेयर्स राज्य मंत्री श्री राजेश पायलट, आर्म्ड फोर्स ट्रिब्युनल के चेयरमैन न्यायमूर्ति श्री प्रकाश टांटिया ने आचार्य तुलसी के महत्वपूर्ण अवदानों को प्रस्तुत कर गौरवानुभूति की।
- परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर ने उपस्थित विशाल जन समूह को आचार्य तुलसी के जीवनवृत्त से परिचय करवाया। समागत अतिथियों को महासभा के अध्यक्ष सहित उसके पदाधिकारियों ने साहित्य व मोमेन्टो से सम्मानित किया। अमृतवाणी द्वारा आचार्य तुलसी के चयनित प्रवचन अंश एलईडी पर प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का सशक्त समयबद्ध संचालन मुनि कुमारश्रमणजी ने किया।
- रात्रि में आचार्यवर की सन्निधि में आयोजित आंशिक धम्मजागरणा कार्यक्रम का समायोजन किया गया।
- **ज्ञातव्य है कि आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के उद्घाटन कार्यक्रम की सप्तदिवसीय रूप रेखा पूर्व निर्धारित विषयों पर समायोजित थी जिसका विवरण इस प्रकार है :-**

5 नवम्बर	शुभारम्भ
6 नवम्बर	आचार्य तुलसी : साहित्य साधना
7 नवम्बर	आचार्य तुलसी : क्रान्त विचार
8 नवम्बर	आचार्य तुलसी : प्रबंधन कौशल
9 नवम्बर	आचार्य तुलसी : सुदीर्घ यात्रायें
10 नवम्बर	आचार्य तुलसी : निर्माण कौशल
11 नवम्बर	आचार्य तुलसी : जीवन गौरव गाथा

- आचार्य तुलसी के बहु आयामी व्यक्तित्व को उपरोक्त विषयों में संकलित करने का लघु प्रयास किया गया है हालांकि उस महामानव के महान् व्यक्तित्व को प्रस्तुत करने में दुनिया का हर शब्द कोष अपूर्ण है किन्तु फिर भी इन विषयों के माध्यम से विराट व्यक्तित्व की विराटता का बोध पाठ हर साधक आराधक को नई ऊर्जा से अनुप्राणित करता है जिसका राष्ट्रव्यापी प्रभाव दृष्टव्य एवं श्रव्य है।

★ अणुव्रत संकल्प यात्रा - प्रारूप

- आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष की महत्वपूर्ण परियोजना '**अणुव्रत संकल्प यात्रा**' अपनी निर्धारित तिथि पर अपने निर्धारित क्षेत्रों से प्रारम्भ हो चुकी है। इन रथों में निम्नलिखित समणीवृन्द का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है :-
  1. लाडनूं (5 नवम्बर 2013) - समणी निर्वाणप्रज्ञाजी, समणी मध्यस्थप्रज्ञाजी
  2. मुम्बई (10 नवम्बर 2013) - समणी शारदाप्रज्ञाजी, समणी रतनप्रज्ञाजी
  3. कोलकाता (24 नवम्बर 2013) - समणी ज्योतिप्रज्ञाजी, समणी मानसप्रज्ञाजी
  4. बेंगलोर (1 दिसम्बर 2013) - समणी कंचनप्रज्ञाजी, समणी गौतमप्रज्ञाजी
- समणीवृन्द के साथ इन रथों में अणुव्रत समिति के दो सदस्य अनिवार्य रूप से रथों में उपस्थित रहें ऐसा प्रयास है। सम्बन्धित संस्थायें जागरूकता के साथ सक्रिय हैं। इसकी प्रगति की जानकारी महासभाध्यक्ष श्री हीरालाल मालू व अणुव्रत संकल्प यात्रा के संयोजक श्री संजय खटेड़ को करायी जा सकती है।

★ नौगांव की भूमि बनी - अणुव्रत संकल्प यात्रा के चार अत्याधुनिक रथों की निर्माण स्थली

आचार्य तुलसी सत्य की शोध, अन्वेषण और अनुसंधान में निरंतर लगे रहे, इसलिए रूढ़िवादी और उपयोगिता शून्य परम्परावाद उन्हें कभी अभिसिक्त नहीं था और अपने संदेश से उन्होंने दुनिया में अहिंसा से शान्ति स्थापित करने का प्रयास किया। उसी उद्देश्य

हम हाइटेक युग में जी रहे हैं लेकिन रूढ़ि उन्मूलन की बात आती है
तो हम पीछे हट जाते हैं। आचार्य श्री ने अनेक पुरानी रूढ़ियों को तिलांजलि दिलवाई।
नारी जगत का सर्वांगीण उत्थान किया। ऐसे महान् गुरु को मैं प्रणाम करती हूँ।
- भानु बहिन पटेल, लायंस डिस्ट्रीक्ट गवर्नर व सुप्रसिद्ध गायनेकोलोजिस्ट

और भावना को आगे बढ़ाते हुये नौगांव में 'अणुव्रत संकल्प यात्रा' के चार रथों का निर्माण कार्य महासभा के निर्देशन में सानन्द सम्पन्न हुआ। इन रथों को पूरे देश की यात्रा हेतु गंतव्य स्थान के लिये प्रस्थित करते हुये नौगांव की जनता में गौरव मिश्रित उत्साह अपने चरम पर था।

- श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा तेरापंथ सभा भवन में इन रथों के प्रस्थान के अवसर पर आयोजित धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वन और पंचायत राज्य मंत्री श्री रकिबुल हुसैन, नौगांव जिला उपायुक्त डॉ. अशोक बाबू और नौगांव जिला पुलिस अधीक्षक श्री विवेक राज सिंह उपस्थित थे।
- मुख्य अतिथि श्री रकिबुल हुसैन ने हिंदी में अपने संबोधन के दौरान कहा कि हम राजनीतिक जीवन में बहुत सी सभाओं में शिरकत करते हैं लेकिन कुछ जगह ऐसी होती है कि जहां से दिन की शुरूआत अच्छी होती है, कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने आचार्य तुलसी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनको महान् महापुरुष की संज्ञा दी।
- जिला उपायुक्त डॉ. अशोक बाबू ने कहा कि आचार्य तुलसी लोगों में अहिंसा के संदेश को उजागर करते हुए मानव जाति के मार्गदर्शक बन गये।
- इस अवसर पर नौगांव में धर्म का संदेश देने पहुंची समणी निर्देशिका कंचनप्रज्ञाजी ने आचार्य तुलसी को युगपुरुष की संज्ञा दी एवं विधिवत नवकार महामंत्र स्मरण कर रथों को मंगल मंत्र से ऊर्जावान कर गंतव्य की ओर प्रस्थित किया गया।
- ध्यातव्य है कि अणुव्रत संकल्प यात्रा को समर्पित, अणुव्रत आचार संहिता मुद्रित ज्ञान का संदेश देते यह चार रथ नौगांव के समाजसेवी श्री उत्तमचन्द नाहटा के निर्देशन में तैयार किये गये हैं और आज यह देश के चार भागों क्रमशः लाडनूं (राजस्थान), मुम्बई (महाराष्ट्र), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), बेंगलोर (कर्नाटक) रवाना कर दिये गये जहां एक भव्य समारोह के बाद इनको जन कल्याण के कार्य में समर्पित कर दिया जायेगा। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के बैनर तले यह रथ नौगांव की एक निजी कम्पनी में तैयार किये गये हैं। आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष पर धर्म के प्रचार-प्रसार के लिये तैयार इस रथ में अत्याधुनिक सुविधायें दी गयी हैं, जिससे इसकी उपयोगिता और अधिक वृद्धिंगत हो जाती है। इसको तैयार करने में करीब छः महीने का वक्त लगा। लीलैंड के मॉडल के चैसिस पर तैयार इसमें इसके उपयोगकर्ता को काफी सुविधा दी गयी हैं। इस रथ को तैयार करने वाले सरदार देवेन्द्रसिंह और सरदार गुरप्रीत सिंह को सभा में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री किशोरीलाल कोठारी ने गद्गद् हृदय से अपने आभार मिश्रित भक्ति भरे उद्गार रखे।

उत्तरांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा (राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली)

5 नवम्बर 2013 : संयोजक - श्री अशोक डूंगरवाल

अणुव्रत संजीवन है - जीवन सुरभित चन्दन है।
इतिहास पुरुष तुलसी - तुमसे प्राणों में नव स्पन्दन है।।

- बहुचर्चित 'अणुव्रत संकल्प यात्रा' का मंगल शुभारम्भ आचार्य तुलसी की जन्म भूमि 'लाडनूं' की पावन धरा, जैन विश्व भारती के पवित्र परिसर में तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता आचार्य श्री महाश्रमणजी की मंगल सन्निधि में 5 नवम्बर 2013 को उत्तर प्रदेश सरकार के युवा मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने हरी झण्डी दिखाकर किया।
- अर्हत् धर्म के प्रकाश एवं संयममय जीवन के विकास हित सतत् जागरूक महापुरुष आर्य महाश्रमण का अणुव्रत संदेश, नव उन्मेष जगाते हुए मंत्र बनकर व्यक्ति-व्यक्ति के जीवन को सार्थक बनाये इस लक्ष्य से प्रारम्भ 'अणुव्रत संकल्प यात्रा' युग की जलती ज्वाला में शीतल चन्दन सम सुकून के साथ युग चेतना को झकझोरने में मील का पत्थर साबित होगी। ऐसे ही विश्वास के साथ जनवेदिनी की आशा भरी निगाहें मानो कह रही हो. . . हे! तुलसी मुक्ति दूत तुम। भारत सपूत तुम, काटो अब सबके बन्धन...काटो अब सबके बन्धन...

मैंने अणुव्रत संकल्प नियमों की विशेषताओं पर ध्यान दिया और महसूस हुआ कि सामाजिक परिवर्तन हेतु इससे अच्छे एवं सरल नियम और नहीं हो सकते। इसलिये बेंगलोर के किसी एक सर्किल को (अणुव्रत सर्किल) के रूप में नामांकित करने की घोषणा करता हूँ।

- वी. एस. सत्यनारायण, मेयर बीबीएमपी, बेंगलोर

पश्चिमांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा (महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़)

10 नवम्बर 2013 : संयोजक - श्री रमेश सुतरिया

तिमिर का सागर तरने वाले सूर्य का अभिषेक करने
रश्मियां तब भी इठला रही थी, अब भी इठला रहीं है।

- उपशम की साधना में संलीन आचार्य श्री तुलसी का 100वां जन्म शताब्दी वर्ष पूरे देश में अणुव्रत संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है इसी के तहत मुम्बई के आजाद मैदान में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, मुम्बई के व आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा पश्चिमांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा रथ का शुभारम्भ दिनांक 10 नवम्बर 2013, रविवार, प्रात: 10.00 बजे महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा फीता खोलकर गुब्बारे उड़ाकर विशाल जनमेदिनी के मध्य किया गया।
- इस दौरान मुख्यमंत्री श्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा आचार्य श्री तुलसी रूढ़िवाद के कट्टर विरोधी थे। उन्होंने राष्ट्र के नैतिक निर्माण का अथक प्रयास किया। उनके कार्यों के प्रति सम्पूर्ण राष्ट्र कृतज्ञता प्रकट करता है पूरे देश में अणुव्रतों से परिवर्तन ला सकते हैं। महाराष्ट्र में पड़े भयंकर सूखे में पशुओं और मानव के लिए पानी के लिए तेरापंथ समाज ने आगे आकर जो सहयोग दिया मैं उसके लिये जैन समाज का आभार प्रकट करना चाहता हूँ। मैं आश्वासन देता हूँ कि आपके समाज के पदाधिकारी हमारे पास आये आचार्य श्री तुलसी के दिये गये अणुव्रत आंदोलन, व्यसनमुक्ति अभियान को सफल बनाने व जन्म शताब्दी को यादगार बनाने के लिए महाराष्ट्र सरकार, भारत सरकार को सहभागी बनाये। समाज परिवर्तन में यह संकल्प यात्रा प्रत्येक राष्ट्र के लिए उपयोगी साबित होगी।
- महाराष्ट्र के उत्पाद एवं शुल्क मंत्री श्री गणेश दादा नाईक ने कहा कि मैं जन्म से जैन नहीं मैं विचारों से जैन हूँ, मैंने आचार्य श्री तुलसी, आचार्य श्री महाप्रज्ञ एवं आचार्य श्री महाश्रमणजी से आशीर्वाद लिया है मुझे याद है आचार्य श्री तुलसी के दर्शन के लिए अपने पुत्र सांसद श्री संजीव नाईक को लेकर गया तब वो 23 वर्ष की उम्र में नवी मुम्बई का महापौर बना था। तभी गुरुदेव ने आशीर्वाद दिया। हमारा परिवार उस आशीर्वाद को वरदान मानकर समाज से जुड़ा हुआ है। सन् 1900 से आचार्य तुलसी का प्रभाव था आज भी है पहले महाप्रज्ञजी आगे लेकर गये, अब आचार्य श्री महाश्रमणजी ले जा रहे हैं। **आचार्य तुलसी के विचार नवी मुम्बई के मनपा स्कूल के 27,000 छात्र-छात्रायें विद्या के माध्यम से ग्रहण कर रहे हैं।**
- कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री मिलिन देवड़ा, पूर्व गृहमंत्री महाराष्ट्र श्री कृपाशंकर सिंह, विधायक श्री मंगल प्रभात लोढ़ा एवं विधायक श्री मनीष दादा जैन ने भी संबोधित किया एवं आचार्य श्री महाश्रमणजी का मंगल संदेश वाचन समणीजी द्वारा किया गया।
- समणी शारदाप्रज्ञाजी ने कहा कि आचार्य तुलसी मानव को मानव बनाने आये थे। इस राष्ट्र को आचार्यश्री ने कई अवदान दिये व सरकार ने गुरुदेव के प्रति डाक टिकट व 20 रुपये के सिक्के को जारी कर गुरुदेव की सेवा को बहुमान दिया है।
- कार्यक्रम की शुरूआत संघ गायिका श्रीमती मीनाक्षी भुतोड़िया एवं संघ गायक श्री कमल सेठिया की मंगलमय गुरु स्तुति के साथ हुई। कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद्, तेरापंथ महिला मंडल, अणुव्रत समिति, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, ज्ञानशाला एवं युवावाहिनी कन्या मंडल गुरुदेव के अमृत वचनों की तख्तियां लहराती झांकियों के साथ हुई। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये व आभार प्रकट श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष श्री विनोद कच्छारा ने किया। मुम्बई कांग्रेस अध्यक्ष श्री जनार्दन चांदुलकर, विधायक श्री चन्द्रकांत हैन्डोरे, पूर्व मुम्बई भाजपा अध्यक्ष श्री राज के. पुरोहित, भाजपा प्रवक्ता साईना एन. सी., अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सूरज बरड़िया, तेरापंथ महिला मंडल मुम्बई अध्यक्ष श्रीमती कान्ता तातेड़, मुम्बई पुलिस आयुक्त श्री सत्यपाल सिंह, महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव श्री जयंत बांठिया, नवी मुम्बई शिक्षण समिति सदस्य श्री अर्जुन सिंघवी, सम्माननीय अतिथि आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह समिति के मुख्य संयोजक व जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय धारीवाल, अणुव्रत महासमिति के अध्यक्ष श्री डालचन्द कोठारी व पश्चिमांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा संयोजक श्री रमेश सुतरिया आदि की गरिमापूर्ण उपस्थिति व प्रभावक विचार प्रस्तुति हुई।

देश की सुदृढ़ता के लिये आचार्य तुलसी के प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता।

- लाल कृष्ण आडवाणी

- कार्यक्रम स्थल तेरापंथ समाज के 10,000 से ज्यादा भाई-बहिनों (महिलायें केसरिया साड़ी, पुरुष सफेद ड्रेस) से खचाखच भरा था। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के मंत्री श्री दिनेश सुतरिया ने किया। कार्यक्रम के पंडाल में युवावाहिनी व युवक परिषद् के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था का सुंदर व सफल संचालन किया। महाराष्ट्र पुलिस बैंड की धुनों के साथ झांकियों की प्रभावी प्रस्तुतिकरण जनसमूह को रोमांचित कर रही थी। श्री मंगल प्रभात लोढ़ा द्वारा मुख्यमंत्री से आचार्य तुलसी के जन्म दिवस पर कत्लखाना बंद करने व सार्वजनिक छुट्टी की सशक्त मांग भी रखी गयी।

पूर्वांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा
(पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, झारखण्ड, असम, मेघालय, भूटान, नेपाल)
24 नवम्बर 2013 : संयोजक - श्री तुलसी कुमार दुगड़

महासिन्धु को देने बधाई - देखो गीत लहरें गा रहीं।
सुकृतों के पारावार तुलसी - अरूणाई तुम्हें बधा रही।।

- साध्वीश्री अणिमाश्रीजी एवं साध्वीश्री मंगलप्रज्ञाजी ठाणा 6 के सान्निध्य में आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के उपललक्ष्य में 'राष्ट्रसंत आचार्य तुलसी भावाञ्जलि समारोह' एवं 'पूर्वांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा के शुभारम्भ' पर भव्य, गरिमामय कार्यक्रम कोलकाता के अति प्रसिद्ध स्थल नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में समणी ज्योतिप्रज्ञाजी, समणी मानसप्रज्ञाजी भी सहभागी बने।
- महासभा भवन से प्रारम्भ '**अणुव्रत संकल्प यात्रा**' रैली में लगभग 6,000 श्रावक-श्राविकाओं के साथ विभिन्न स्कूलों के लगभग 2,500 विद्यार्थियों सहित समारोह स्थल नेताजी इंडोर स्टेडियम में लगभग 12,000 की तादाद में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने गुरुदेव श्री तुलसी को श्रद्धा भक्ति के साथ भावाञ्जलि समर्पित की।
- भव्य एवं आकर्षक रैली में सबसे आगे 13 बाईक पर सवार 26 युवक तुलसी शताब्दी '**लोगो**' से युक्त ध्वज एवं जैन ध्वज हाथ में थामे चल रहे थे। उसके पश्चात् खुले वाहन में सवार महासभा अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू, जय तुलसी फाउण्डेश के प्रबंध न्यासी श्री सुरेन्द्र दुगड़, अ.भा.ते. महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सूरज बरड़िया हाथ में विशाल ध्वज थामे रैली को गति दे रही थी। विशाल रैली कोलकता के विभिन्न अंचलों से गुजरती जन-जन को राष्ट्रसंत तुलसी एवं अणुव्रत से परिचित करवा रही थी। नेताजी इंडोर स्टेडियम में पहुंचने के बाद रैली भावाञ्जलि समारोह में परिणत हो गई।
- इस समारोह में राज्य के वाणिज्य व उद्योग मंत्री श्री पार्थ चटर्जी, शहरी विकास मंत्री श्री फिरहाद हकीम, आवास मंत्री श्री अरूप विश्वास, सांसद श्री सुब्रत बक्शी, सांसद श्री सुदीप बंदोपाध्याय, परिवहन मंत्री श्री मदनमित्रा, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री तथा सांसद श्रीमती हेमामालिनी, मेयर श्री शोभन चटर्जी, विधायक श्री तापस राय, श्री शान्तिलाल जैन, श्री राजेश सिन्हा, आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह समिति एवं महासभा अध्यक्ष श्री हीरलाल मालू, महासभा प्रधान न्यासी श्री कमल कुमार दुगड़, महासभा उपाध्यक्ष श्री विनोद बैद, महासभा महामंत्री श्री बिनोद कुमार चोरड़िया, महासभा कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बोरड़, विकास परिषद् के सदस्य श्री बुद्धमल दुगड़, श्री बनेचन्द मालू, जय तुलसी फाउण्डेशन के प्रबंध न्यासी श्री सुरेन्द्र कुमार दुगड़, अ.भा.ते. महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती सूरज बरड़िया, परामर्शक श्रीमती तारादेवी सुराणा, महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्री चैनरूप चिंडालिया, श्री राजकरण सिरोहिया, श्री सुरेन्द्र चोरड़िया, अणुव्रत संकल्प यात्रा के पूर्वांचल क्षेत्र संयोजक श्री तुलसी कुमार दुगड़, श्री रणजीत कोठारी आदि अनेक सभा संस्थाओं के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
- 8 घंटे तक अनवरत चलने वाला यह कार्यक्रम विभिन्न विधाओं में संपादित हुआ। जिसकी संक्षिप्त झलकियां समारोह की भव्यता को उजागर कर रही है। साथ ही यह सत्यापित कर रही हैं कि तिमिर का सागर तरने वाले सूर्य का अभिषेक करने रश्मियां तब भी इठला रही थीं, अब भी इठला रही हैं।

आचार्य श्री तुलसी ने अपनी सूझबूझ से अनेक बार देश को संकट से उबारा है।
रूढ़ि मुक्ति, व्यसन मुक्ति और नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा के लिये अथक श्रम किया है।
- अखिलेश यादव, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री

- कार्यक्रम का प्रारम्भ तुलसी आर्ट गैलेरी के उद्घाटन से हुआ। साध्वीश्री अणिमाश्रीजी एवं साध्वीश्री मंगलप्रज्ञाजी के सान्निध्य में महासभाध्यक्ष श्री हीरालाल मालू एवं जय तुलसी फाउण्डेशन के प्रबंध न्यासी श्री सुरेन्द्र कुमार दुगड़ ने तुलसी आर्ट गैलेरी का उद्घाटन किया। इस गैलेरी में आचार्य तुलसी के जीवन, उनके व्यक्तित्व, कर्तृत्व की अभिव्यक्ति करने वाले बहुत ही आकर्षक चित्र रखे गये थे। तुलसी की स्मृतियों एवं कृतियों की जीवंत प्रस्तुति संग्रहालय की उपयोगिता सिद्ध कर रही थी।
- पूरे भारतवर्ष में प्रथम बार आचार्य तुलसी के जीवन दर्शन को 'लेजर शो' के माध्यम से दिखाया गया। इस कार्यक्रम में आचार्य तुलसी के जीवन चरित्र पर एक वृत्तचित्र का भी प्रसारण किया गया।
- रथ यात्रा के शुभारम्भ की घोषणा साध्वीश्री अणिमाश्रीजी एवं साध्वीश्री मंगलप्रज्ञाजी आदि साध्वीवृन्द के सान्निध्य में सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हेमामालिनी द्वारा की गई। समणी ज्योतिप्रज्ञाजी एवं समणी मानसप्रज्ञाजी इस रथ के साथ यात्रा करेंगी।
- समारोह में आचार्य श्री महाश्रमणजी के कोलकाता चातुर्मास हेतु आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउण्डेशन द्वारा प्रस्तावित बहुआयामी योजनाओं को 'वाक् थ्रू' द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया। श्री विनोद बैद ने इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी।
- इस कार्यक्रम में संघगायक श्री कमल सेठिया एवं मधुर संघगायिका श्रीमती मीनाक्षी भूतोड़िया ने अपने सुरीले कंठों से आचार्य तुलसी द्वारा रचित एवं आचार्य तुलसी पर रचित गीतों का मधुर संगान कर पूरी परिषद् को भक्तिमय एवं तुलसीमय बना दिया।
- आचार्य तुलसी कुशल सृजनहार थे। उन्होंने अपने हाथों से अनेक व्यक्तित्वों का निर्माण किया। उन्होंने साधु-संतों के साथ-साथ हजारों श्रावक कार्यकर्ताओं को तैयार कर कार्यकर्ताओं की एक लम्बी कतार खड़ी कर दी थी। वे कार्यकर्ता संघ की गौरव वृद्धि में योगभूत बने। इस कार्यक्रम में तुलसी युग के स्थानीय कर्मयोगी श्रावकों का '**तुलसी युग के कर्मयोगी**' श्रावक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कोलकाता के जैन व जैनेतर समाज के विशिष्ट समाजसेवी एवं उद्योगपतियों को '**तुलसी शताब्दी सम्मान**' से सम्मानित किया गया।
- साध्वीश्री अणिमाश्रीजी ने गुरुदेव तुलसी को भावाञ्जलि समर्पित करते हुए कहा कि आचार्य तुलसी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। उनका व्यक्तित्व आश्चर्यों की वर्णमाला से गुम्फित एक महाभिलेख है। उनके अवदान मानव जाति के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं। हम अच्छे इंसान बनकर ही गुरुदेव तुलसी को सच्ची श्रद्धाञ्जलि दें ऐसा काम्य है।
- साध्वीश्री मंगलप्रज्ञाजी ने कहा कि आचार्य तुलसी समाधायक पुरुष थे। उन्होंने केवल समस्याओं का अवलोकन नहीं किया अपितु उनके समाधान का पथ प्रशस्त किया। उनका कालजयी व्यक्तित्व संघ क्षितिज पर सूर्य के समान देदीप्यमान रहेगा एवं दुनिया को आलेक प्रदान करेगा।
- समणी ज्योतिप्रज्ञाजी ने कहा कि आचार्य तुलसी परम पुरुषार्थी महापुरुष थे। उनका आत्मानुशासन बड़ा गजब का था। अनुशासन के मसीहा को प्रणाम।
- **समणी ज्योतिप्रज्ञाजी एवं समणी मानसप्रज्ञाजी, साध्वीश्री अणिमाश्रजी, साध्वीश्री मंगलप्रज्ञाजी ठाणा 6 के लिए श्रद्धेया महाश्रमणीवरा का ऊर्जामय पावन संदेश लेकर आई। संदेश का वाचन कर साध्वीश्रीजी को उपहृत किया। साध्वीश्रीजी ने पट्ट से नीचे उतर कर संदेश को ग्रहण किया एवं कहा - यह पत्र नहीं हमारे जीवन का छत्र है। आपश्री का वरद् आशीर्वाद हमारे कदमों में गति भर रहा है।** इस दृश्य को देखकर पूरी परिषद् भावविभोर हो गई।
- महासभा अध्यक्ष एवं आ. तु. ज. श. स. समिति संयोजक श्री हीरालाल मालू ने कहा कि तुलसी अनुशासना की रचनात्मक उपलब्धियां इतनी ज्यादा है कि उनके आंकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ रहा है। आचार्य तुलसी का सम्पूर्ण जीवन मानवतावादी दृष्टिकोण के प्रति समर्पित था।
- महासभा के प्रधान न्यासी एवं भावाञ्जलि समारोह समिति के संयोजक श्री कमल कुमार दुगड़ ने कहा कि आज पूरा महानगर तुलसीमय बन गया है। आज हम वंदन, अभिवंदन करते हैं उस महापुरुष को जिसने बयासी वर्ष तक अपने जीवन का पल-पल, क्षण-क्षण, कण-कण मानवता व राष्ट्र उत्थान में लगा दिया। यह योगी जीवन भर मनुष्य की उलझी गुत्थियों को सुलझाता रहा।
- सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं राज्यसभा सांसद हेमामालिनी ने नवकार मंत्र के संगान से अपना वक्तव्य प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की प्रलम्ब शृंखला में एक तेजस्वी नाम है - आचार्य तुलसी।

आचार्य श्री तुलसी आत्मानुशासन की अलख जगाने वाले मानवता के मसीहा थे।

- श्रीमती सावित्री जिंदल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

- सिने अभिनेत्री हेमामालिनी ने साध्वीश्री कर्णिकाश्रीजी, साध्वीश्री सुधाप्रभाजी, साध्वीश्री समत्वयशाजी, साध्वीश्री मैत्रीप्रभाजी, समणी ज्योतिप्रज्ञाजी, समणी मानसप्रज्ञाजी के साथ आचार्य महाश्रमणजी द्वारा रचित शताब्दी गीत का संगान किया जो सबके लिए आकर्षण का केन्द्र बना।
- वाणिज्य एवं उद्योगमंत्री श्री पार्थ चटर्जी, सांसद श्री सुदीप बन्धोपाध्याय व परिवहन मंत्री श्री मदन मित्रा ने अपने श्रद्धसिक्त उद्गारों में तुलसी को समाधायक पुरुष के रूप में प्रतिष्ठित किया।
- साध्वीवृन्द ने '**तुलसी आवो नी म्हे आज थांरा दरसण करल्यां**' साध्वीश्री अणिमाश्रीजी द्वारा रचित भावपूर्ण गीत का समधुर संगान किया।
- कोलकाता सभा के अध्यक्ष श्री अमरचन्द दुगड़, दक्षिण कोलकाता सभाध्यक्ष श्री भंवरलाल बैद, पूर्वांचल सभाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र कुमार श्यामसुखा, दक्षिण हावड़ा सभाध्यक्ष श्री मालचन्द भंसाली, उत्तर हावड़ा से श्री जतन पारख, श्री राकेश संचेती, श्री बुधमल लूणिया, तेयुप अध्यक्ष श्री पारस सेठिया ने अपने भावों की भावभरी प्रस्तुति दी।
- मंगल संगान श्रीमती गुलाब बैद ने कोलकाता महिला मंडल के साथ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुप्रिया बैद ने किया।
- इस कार्यक्रम की सफल समायोजना में तेरापंथ धर्मसंघ की सभी सभा-संस्थाओं का एकजुट श्रम सफलता की सरगम पर प्रफुल्ल था। श्री नरेन्द्र बरड़िया, श्री हेमन्त दुगड़, श्री नवरतन बोथरा, श्री विनोद बैद, श्री अभय दुगड़, श्री भंवरलाल बैद, श्री विपिन रूंगटा, श्री प्रमोद नाहटा, श्री विमल दुगड़ तथा श्री प्रमोद लुणावत, तेमम की अध्यक्षा श्रीमती मंजू बैद, तेयुप के अध्यक्ष श्री पारस बांठिया एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सक्रिय भूमिका अदा की।
- कोलकाता का प्रसिद्ध नेताजी इंडोर स्टेडियम राष्ट्रसंत आचार्य तुलसी भावाञ्जलि एवं अणुव्रत संकल्प रथ यात्रा कि शुभारम्भ कार्यक्रम के सुन्दर संयोग से विशिष्ट यादागार स्थल के रूप में तेरापंथ के इतिहास में अंकित हो गया।

दक्षिणांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा (कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, पांडिचेरी)

1 दिसम्बर 2013 : संयोजक - श्री दीपचन्द नाहर

तुलसी के प्रबल पुरुषार्थ की शुभ्र गाथा पर
छोटे-छोटे संकल्पों से मानस परिवर्तन की आस्था पर
पल-पल नतमस्तक वर्तमान का माथा है. . .

- अणुव्रत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ अणुव्रत के संकल्प के साथ ही होना चाहिये - आचार्य धर्मधुरंधर सूरीश्वर ने यह विचार आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह समिति की ओर से 'दक्षिणांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा' के उद्घाटन अवसर पर रविवार को गांधीनगर स्थित फ्रीडम पार्क में आयोजित समारोह में व्यक्त किये। आचार्य ने कहा वर्तमान युग में अणुव्रतियों की महती आवश्यकता है। अणुव्रत का पालन करने के साथ ही स्वयं के मन, कर्म एवं वचन को भी संयमित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि आचार्य तुलसी मानवता के मसीहा थे।
- साध्वीश्री कुन्थुश्रीजी ने कहा कि आचार्य तुलसी ने दो आंखों से लाखों आंखों का करिश्मा दिखाया, दो पांवों से लाखों पांवों को चलना सिखाया। उन्होंने आध्यात्मिक क्रान्ति का सूत्रपात कर लोगों को नई दिशा प्रदान की।
- साध्वीश्री सुमंगलाश्रीजी ने शताब्दी वर्ष के घोष '**जन-जन में जागे विश्वास, संयम से व्यक्तित्व विकास**' के माध्यम से नव उत्साह जगाया। समणी कंचनप्रज्ञाजी ने आचार्य के अवदानों पर प्रकाश डालते हुए गीतिका प्रस्तुत की।
- विशेष अतिथि विधान परिषद् सदस्य श्री लहरसिंह सिरौया ने कहा कि 20वीं सदी आचार्य तुलसी के नाम से जानी, जानी चाहिये। जैनेत्तर लोगों में जैन धर्म की पहचान आचार्य तुलसी से हुई। आचार्य के उपदेशों का अनुसरण करना ही उनके प्रति सबसे बड़ी श्रद्धाञ्जलि होगी। उन्होंने आचार्य के सान्निध्य में बिताये सुनहरे पलों का स्मरण किया।
- श्री हम्पानागराज ने कहा कि जैन समाज अल्प नहीं कल्प है। जनसंख्या में भले ही कम हो लेकिन संसाधनों एवं कर देने में आगे है।

बुराईयों को दूर करने की दिशा में नैतिक मूल्यों की कड़िया मजबूत करने के लिये
आज पुनः अणुव्रत आंदोलन को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है।
- भूपेन्द्र कुमार हुड्डा, हरियाणा मुख्यमंत्री

- श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ ट्रस्ट, गांधीनगर-बेंगलोर के अध्यक्ष श्री अमृतलाल भंसाली ने अतिथि परिचय के साथ स्वागत किया। दक्षिणांचल संकल्प यात्रा के संयोजक श्री दीपचन्द नाहर ने संकल्प यात्रा की जानकारी प्रस्तुत की।
- विशिष्ट अतिथि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा कि जैन समाज अहिंसा व शान्ति का प्रतीक है। समाज से दूसरे समाजों को भी प्रेरणा लेनी चाहिये। उन्होंने आचार्य के अवदानों पर प्रकाश डाला।
- समारोह के अध्यक्ष एवं आ.तु.ज.श.स. समिति के संयोजक श्री हीरलाल मालू ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सहयोग एवं सहभागिता दोनों ही आवश्यक है। यदि किसी कार्य में सहयोग तो है लेकिन सहभागिता नहीं है तो वह कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। किसी भी काम को पूर्ण करने के लिए सहयोग से ज्यादा सहभागिता की आवश्यकता है। मालू ने अन्य राज्यों में शुरू हुई संकल्प यात्राओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की।
- समारोह में समिति की ओर से संकल्प यात्रा रथ प्रायोजक श्री नरपतसिंह चोरड़िया एवं श्रीमती इन्द्रा चोरड़िया एवं अतिथियों का सम्मान किया गया।
- समारोह में राजस्थान पत्रिका के स्थानीय संपादक श्री राजेन्द्रशेखर व्यास, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष श्री गौतमचन्द कोठारी, श्री भंवरलाल नाहटा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष श्री प्रकाश लोढ़ा, प्रचार-प्रसार मंत्री श्री चन्द्रशेखर, श्री महेन्द्र मुणोत, श्री दीपक गोठी, श्रीमती पुष्पा गन्ना, श्री विमल कटारिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अणुव्रत संकल्प यात्रा के सहसंयोजक श्री राजेश चावत ने आभार व्यक्त किया। सशक्त संचालन दक्षिणांचल अणुव्रत संकल्प यात्रा के स्वागताध्यक्ष श्री भूपेन्द्र कुमार मूथा ने किया।

★ **कर्नाटक मुख्यमंत्री श्री सिद्धरामैयाजी ने किया हरी झंडी दिखाकर यात्राका आगाज** - समारोह स्थल के बाहर खड़ा सुसज्जित वातानुकूलित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त रथ लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। लोगों ने रथ के अंदर जाकर बारीकी से देखा और मुक्त कंठ से सराहना की। अनेक लोगों ने रथ में बैठकर आनन्द का अनुभव किया। समिति की ओर से मुख्यमंत्री कोष में 5,00,000 की राशि देने की घोषणा की गयी।

- **बेंगलोर के उपनगरों में अणुव्रत संकल्प यात्रा रथ जिसमें श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा विजयनगर, राजाजीनगर, यशवंतपुर, दासरहल्ली, आड़गुड़ी, होसकोटा, माल्लूर, आचार्य तुलसी अस्पताल यशवंतपुर, आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ चेतना केन्द्र, आचार्य महाप्रज्ञ हाई स्कूल, बालगंगाधर स्वामी रामनगर स्कूल, बिड़दी सभा आदि अनेक क्षेत्रों में हजारों-हजारों लोगों से सम्पर्क करते हुये गतिमान है। आम जनता में रथ के प्रति विशेष आकर्षण है। अणुव्रत संकल्प की प्रेरणा जगाती इस यात्रा के प्रभाव से दक्षिण में हजारों 'अणुव्रती' संकल्पित बनकर नैतिक राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रशस्त है।**

★ **श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा - चण्डीगढ़**

अध्यात्म ज्योति से प्रदीप्त आभा - हे भारत ज्योति! तुम्हें प्रणाम — चण्डीगढ़, 8 दिसम्बर, मुनिश्री विनयकुमारजी आलोक के सान्निध्य में आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह का भव्य विराट समायोजन टैगोर थियेटर, सैक्टर 18 में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रसिंह हुड्डा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री सावित्री जिंदल, प्रमुख सैक्रेट्री श्री के. के. खंडेलवाल, कांग्रेस अध्यक्ष श्री फूलचन्द मुलाना, प्रयाग पीठ के शंकराचार्य ओंकारानंद सरस्वती विशिष्ट व प्रमुख सागरजी विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित थे।

आचार्य तुलसी रूढ़िवाद के कट्टर विरोधी थे।

- पृथ्वीराज चौहान, महाराष्ट्र मुख्यमंत्री

- कार्यक्रम के दौरान हरियाणा मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र कुमार हुड्डा ने आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष के आधार पर कहा कि आचार्य तुलसी ने अणुव्रत के माध्यम से समाज को एक ऐसी क्रान्ति दी जिस आधार पर मानव मानव बन सके। **श्री हुड्डा ने आचार्य तुलसी के नाम पर हरियाणा के किसी एक राजमार्ग का नाम रखने की स्वीकृति के बारे में घोषणा की। इसके अलावा कोई पार्क, स्कूल या कोई सामाजिक संस्था इत्यादि भी हो सकती है।** उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में जल्द ही अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया जायेगा तथा इसमें जैन समाज को प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मासिक पत्रिका संवाद् के आचार्य श्री तुलसी पर विशेषांक का भी विमोचन किया।
- समारोह को संबोधित करते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्रीमती सावित्री जिंदल ने कहा कि जिंदल परिवार भाग्यशाली है कि उन्हें आचार्य तुलसी से गुरु धारणा हासिल हुई। आचार्य तुलसी एक महानविभूति थे जो समाज के हर वर्ग को एक साथ लेकर आगे बढ़े।
- हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री फूलचन्द मुलाना ने आचार्य तुलसी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आचार्य तुलसी के अणुव्रत नियम बच्चों में नैतिक मूल्यों के प्रसार में अहम् भूमिका निभा सकते हैं।
- प्रमुख सैक्रेट्री श्री के. के. खंडेलवाल ने कहा कि अणुव्रत आंदोलन अपने आप में एक आचर संहिता है। उन्होंने हुड्डा साहबजी से अनुरोध किया कि वह इसका हरियाणा के गली-गली व समाज के कोने-कोने में प्रचार करवायें। उन्होंने आगे कहा कि आचार्य तुलसी एक चमत्कारिक व्यक्तित्व थे। हरियाणा ग्रन्थ अकादमी द्वारा आचार्य तुलसी के जीवन पर एक पुस्तक का प्रकाशन किया गया है तथा संवाद् सोसायटी द्वारा भी उन पर एक विशेषांक निकाला गया है ताकि युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा मिल सके।
- आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह के मुख्य संयोजक श्री हीरालाल मालू, मुनिश्री प्रमुखसागरजी, शंकराचार्यजी, हरियाणा के लोकायत जस्टिस श्री प्रीतमपालसिंह, जस्टिस श्री एल. एन. मित्तल, हरियाणा प्रदेश तेरापंथी अध्यक्ष श्री घीसाराम जैन, महामंत्री श्री प्रमोद जैन, प्रमुख उद्योगपति श्री सुरिंदर मित्तल आदि सभी विशिष्ट लोगों ने आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह पर आचार्य तुलसी को श्रद्धासुमन अर्पित किया।
- समारोह के दौरान मुनिश्री विनयकुमारजी आलोक ने फरमाया कि आचार्य तुलसी संसार में एक दुर्लभ संत महात्मा थे। वह एक राष्ट्रविभूति थे जिन्होंने संसार को एक बहुमूल्य भेंट अणुव्रत आंदोलन की दी है। वे अपने व्यापक मानवतावादी दृष्टिकोण और आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, नैतिक तथा जनोपकारी नीतियों के कारण समस्त मानव समाज के सर्वांगीण विकास के आशा बिन्दु बन गये थे।
- इस विशाल समारोह में हरियाणा के छोटे-बड़े शहरों व गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक, पंजाब, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों से लगभग 30 से अधिक बसों सहित विशाल संख्या में श्रद्धालु समाज ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर ज्योतिपुरुष का उन्नत संकल्पों के साथ अभिषेक किया।

आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी वर्ष का 'महाचरण' बना
जीवन की समीक्षा का - संयम की गहन तितिक्षा का,
अलौकिक, अभूतपूर्व दीक्षा का, अविस्मरणीय ऐतिहासिक दस्तावेज. . .
कीर्तिधर ने रचा 43 दीक्षाओं का अभिनव कीर्तिमान

- बीदासर में समायोजित बृहत् दीक्षा समारोह अनेक दृष्टियों से तेरापंथ धर्मसंघ का चिर अमर आलेख बन गया। समारोह से संबंधित कतिपय उल्लेखनीय तथ्य इस प्रकार हैं-
- तेरापंथ धर्मसंघ के लगभग 254 वर्षों के इतिहास में एक साथ सर्वाधिक 43 मुनि दीक्षाएं इस समारोह में हुई। इससे पूर्व आचार्य तुलसी ने वि.सं. 1994 में बीकानेर प्रवास में 31 मुनि दीक्षाएं प्रदान कर कीर्तिमान बनाया था। लगभग 76 वर्षों के बाद उन्हीं के सुशिष्य ने उनकी जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में एक नया कीर्तिमान बनाया।

मानवता के मसीहा को अणुव्रत व व्यसन मुक्ति के लिये सदैव याद किया जायेगा।
- गणेश दादा नाईक, महाराष्ट्र सरकार उत्पाद व शुल्क मंत्री

- पूज्यवर ने इस समारोह में 10 भाइयों को मुनि दीक्षा व 15 समणियों तथा 18 बहनों को साध्वी दीक्षा प्रदान की। इनमें से तीन भाई व दो बहनें विवाहित थीं। शेष 38 व्यक्ति अविवाहित अवस्था में दीक्षित हुए।
- कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पूर्व तक 39 दीक्षाएं घोषित थीं, किन्तु कार्यक्रम के मध्य एक रोचक मोड़ आया और पूज्यवर ने दो समणियों और दो मुमुक्षुओं को उसी वेश में साध्वी दीक्षा देने की घोषणा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतीत में पूर्ववर्ती आचार्यों के शासनकाल में कुल आठ दीक्षाएं गृहस्थ वेश में हुई हैं। इस समारोह में दीक्षित होने वाली बारह वर्षीया साध्वी विशालप्रभाजी संभवत: प्रथम साध्वी हैं, जिन्होंने खुले मस्तक दीक्षा ग्रहण की है।
- तेरापंथ धर्मसंघ में कई दशकों के बाद साधुओं की संख्या 165 के पार हुई। संभवत: स्वयं आचार्यप्रवर की दीक्षा के बाद यह प्रथम अवसर है। इस समारोह के पश्चात् तेरापंथ में साधुओं की संख्या 167 तथा साध्वियों की संख्या 559 हो गई।
- एक साथ छह से अधिक साधुओं की दीक्षा का प्रसंग भी लगभग इकहत्तर वर्षों के बाद आया। गुरुदेव तुलसी ने सर्वाधिक 14 भाइयों को एक साथ वि.सं. 1999 में दीक्षित किया था। तेरापंथ के अब तक के इतिहास में यह तीसरा प्रसंग था जब छह से अधिक भाइयों ने एक साथ दीक्षा स्वीकार की। एक साथ सर्वाधिक 33 साध्वियों की दीक्षा का कीर्तिमान इस समारोह में आचार्य महाश्रमण के नाम दर्ज हो गया।
- आचार्य तुलसी जन्मशताब्दी वर्ष के इस प्रथम दीक्षा समारोह में 43 मुनि दीक्षाएं हुईं। यदि जन्मशताब्दी समारोह के संदर्भ में गत दो वर्षोंमें हुई दीक्षाओं को भी जोड़ा जाए तो संख्या 88 हो जाती है, जो संजोए गए स्वप्न से मात्र बारह कदम दूर है। इनमें से भी आगामी चार दीक्षा समारोह में पांच दीक्षाएं और घोषित हैं।
- परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमण के तीन वर्ष छह माह पांच दिन के शासनकाल (28 नवम्बर 2013 तक) में 24 साधु तथा 89 साध्वियां, कुल 113 साधु-साध्वियां दीक्षित हुए।
- दीक्षा के लिए कोई उम्र नहीं होती। इस कथन का साक्षात् इस समारोह में हुआ, जहां श्रीडूंगरगढ़ के श्री इन्द्रचन्दजी डागा अस्सी वर्ष की अवस्था में दीक्षित हुए, वहीं मैसूर के ग्यारहवर्षीय बालक प्रियांशु ने भी पूज्यवर से संयम स्वीकार किया।
- बृहत् दीक्षा समारोह से तीन दिन पूर्व पूज्यवर ने सुश्री पारुल बैद (छापर) को साध्वी दीक्षा का आदेश प्रदान किया। पारुल ने पूज्यवर से अपने पिता मुमुक्षु राजेन्द्र के साथ इस समरोह में संयम ग्रहण किया। इतने कम समय में और पारमार्थिक शिक्षण संस्था में प्रवेश लिए बिना दीक्षा का होना अपने आप में विशेष बात है।
- दीक्षित होने वाले साधु-साध्वियों में अनेक संसारपक्षीय ज्ञाति हैं। पिता-पुत्री, मां-पुत्री, भाई-बहिन, बहिन-बहिन, मौसी-भाणजी इस प्रकार अनेक जोड़े इस समारोह में दीक्षित हुए।
- तेरापंथ की दीक्षा कसौटी पर कसे बिना नहीं होती, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण था यह दीक्षा समारोह। जब दो समणियां और दो मुमुक्षु बहनें कार्यक्रम के मध्य दीक्षा के लिए प्रार्थना करने लगीं तो **पूज्यवर ने उनकी आन्तरिक भावना को जिस तरह परखा, आचार्य भिक्षु की वह शिक्षात्मक पंक्ति सहसा स्मृतिपटल पर आ गई-'दीख्या दीज्यो देख-देख नै।'**
- पूज्यवर ने स्पष्ट कहा-'संख्या मेरे लिए बड़ी बात नहीं है। किसी प्रकार के दबाव, भय, संकोच, प्रलोभन, आवेश व भावुकता में यह निर्णय नहीं होना चाहिए। यथार्थत: परमपूज्यश्री की यश, प्रतिष्ठा आदि से निर्लिप्तता की साधना वंदनीय और प्रेरणास्पद है। दीक्षा की यह स्वस्थ परंपरा तेरापंथ की चिरजीविता का एक सुदृढ़ आधार है।
- दीक्षा समारोह बीदासर के श्री नेमीचन्द जयचन्दलालजी बैंगाणी के नोहरे में निर्मित विशाल पण्डाल में संपन्न हुआ। इसी स्थान पर अतीत में गुरुदेव तुलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञजी ने भी दीक्षाएं प्रदान की थीं।
- इस समारोह हेतु अस्सी हजार वर्गफीट का पण्डाल बनाया गया जो सादगीपूर्ण, किन्तु आकर्षक था। आच्छादित पण्डाल के समीपस्थ लगभग ग्यारह हजार वर्गफुट का खुला स्थान भी जनता के उपयोग में आया। मंच का बैकग्राउण्ड बंगाली कारीगरों द्वारा थर्माकोल से कलात्मक रूप में निर्मित किया गया, जिसमें भगवान महावीर, तेरापंथ की आचार्य परंपरा, अष्टमंगल के साथ रजोहरण और पात्रों को भी दर्शाया गया था। मंच के समीप एक और मंच ऑडिटोरियम की भांति निर्मित था, जिसमें चार भागों में दीक्षार्थी बैठे थे। पण्डाल में लगे चार एलसीडी के माध्यम से दर्शकों को कार्यक्रम का प्रत्येक क्षण को निकट से देखने का अवसर मिला।

आचार्य तुलसी ने अणुव्रत के द्वारा जन जन को ईमानदारी नैतिकता का पाठ पढ़ाया
व नारी जागरण के लिये क्रान्तिकारी कदम उठाया।

- हेमा मालिनी, अभिनेत्री

